Rapid Fire (करेंट अफेयर्स): 27 मार्च, 2023

स्टेट ऑफ स्कूल फीडिंग वर्ल्डवाइड 2022

विश्व खाद्य कार्यक्रम (World Food Programme- WFP) की रिपोर्ट **स्टेट ऑफ स्कूल फीडिंग वर्ल्डवाइड 2022** के अनुसार, **कम आय वाले देशों में स्कूली भोजन खाने वाले बच्चों की संख्या में लगभग 4% की गिरावट** आई है, जिसमें सबसे गंभीर गिरावट अफ्रीका में देखी गई है। यह विश्लेषण वर्ष 2020 में **163 देशों की तुलना में 176 देशों के सर्वेक्षण आँकड़ों पर आधारित है।** अध्ययन के अनुसार, **उच्च आय, उच्च-मध्य आय और निम्न-मध्य आय वाले देशों ने क्रमशः 4%, 4% और 12% की निरंतर मामूली वृद्धि** प्रदर्शित की है। इस रिपोर्ट ने विशेष रूप से कम आय वाले देशों में समर्थन को लक्षित करने हेतु **बाह्य विकास भागीदारों की आवश्यकता पर प्रकाश डाला।** कम आय वाले देशों ने महामारी के बाद की अन्य मांगों और नकदी की कमी के बावजूद वर्ष 2020 में स्कूली भोजन हेतु अपने **घरेलू वित्तपोषण को 30% से बढ़ाकर वर्ष 2022 में 45% कर दिया है।** पाँच **देशों- ब्राज़ील, रूस, भारत, चीन और दक्षिण अफ्रीका** ने वर्ष 2020 और 2022 के बीच स्कूली भोजन प्राप्त करने वाले **बच्चों की संख्या में 30 मिलियन की वृद्धि में 19 मिलियन का योगदान दिया।**
और पढ़ें...[विश्व खाद्य कार्यक्रम (WFP)](), [स्कूल फीडिंग प्रोग्राम]()

भारत का पहला केबल स्टे रेलवे ब्रिज

//

जम्मू और कश्मीर में **अंजी नदी** (**चिनाब नदी** की एक सहायक नदी) पर **भारत के पहले केबल आधारित रेलवे पुल के मई 2023 तक तैयार होने की उम्मीद है।** कटरा और रियासी स्टेशनों के बीच अंजी पुल जम्मू और कश्मीर केंद्रशासित प्रदेश के रियासी ज़िले में पड़ता है। यह महत्त्वाकांक्षी **उधमपुर-श्रीनगर-बारामूला-रेल लिंक (USBRL) परियोजना का हिस्सा है।** इस परियोजना को मार्च 2002 में **राष्ट्रीय महत्त्व की परियोजना घोषित** किया गया था। यह

स्वतंत्रता के बाद की सबसे बड़ी पर्वतीय रेलवे परियोजना भी है। इस**पुल में एक एकीकृत निगरानी प्रणाली भी होगी जिसमें विभिन्न स्थानों पर कई सेंसर स्थापित किये जाएंगे।**

और पढ़ें... [जम्मू और कश्मीर]

एरिज़ोना में पवित्र होपी स्थल

एरिज़ोना, संयुक्त राज्य अमेरिका में स्थित एक स्थल और अमेरिकी राष्ट्र के होपी मूल के नागरिकों के लिये पवित्र स्मारक और स्थल को **इंटरनेशनल काउंसिल ऑन मॉन्यूमेंट्स एंड साइट्स अंतर्राष्ट्रीय विज्ञान समिति (ICOMOS ISC) द्वारा ' वाटर एंड हेरिटेज़ शील्ड' से सम्मानित किया गया है। शील्ड को ब्लैक मेसा ट्रस्ट (BMT) को प्रदान किया गया, जो होपी मूल के लोगों का एक संगठन है। शील्ड का उद्देश्य विश्व भर में जनता को जल और स्वदेशी पवित्र स्थलों के महत्त्व तथा सांस्कृतिक एवं ऐतिहासिक स्मृति के अधिकार के बारे में जागरूक** करने में मदद करना है। **होपी पर्यावरण के प्रति अपनी अनूठी श्रद्धा के लिये जाने जाते हैं। होपी सिपापू को वह स्थान मानते हैं जहाँ से उनके पूर्वज दूसरी दुनिया से निकलकर इस दुनिया में आए थे।** सिपापू **एक चट्टानी गुंबद है जो चूना पत्थर से बना है और साथ ही कोलोराडो की एक सहायक नदी लिटिल कोलोराडो नदी पर स्थित** एक झरना है। लिटिल कोलोराडो **ग्रैंड कैन्यन, यूनेस्को के विश्व धरोहर स्थल में मुख्य नदी में मिलती है।** ICOMOS ISC एक **गैर-सरकारी अंतर्राष्ट्रीय संगठन है जो विश्व के स्मारकों और स्थलों के संरक्षण के लिये समर्पित है।** यह विश्व स्तर पर विरासत की पहचान करने में संयुक्त राष्ट्र को मदद करता है।

दृष्टि The Vision

और पढ़े... [इंटरनेशनल काउंसलि ऑन मॉन्यूमेंट्स एंड साइट्स (ICOMOS)]

महलिा वशि्व मुक्केबाज़ी चैंपयिनशपि

हाल ही में **निखत ज़रीन** (दूसरा विश्व खिताब) एवं **लवलीना बोरगोहेन** (पहला विश्व खिताब) **ने महिला विश्व मुक्केबाज़ी चैंपियनशिप में भारत के लिये दो स्वर्ण पदक जीते।** महिला विश्व मुक्केबाज़ी चैंपियनशिप का **आयोजन अंतर्राष्ट्रीय मुक्केबाज़ी संघ (IBA)** ने किया था। IBA का मिशन ओलंपिक चार्टर की आवश्यकताओं और भावना के अनुसार विश्व भर में मुक्केबाज़ी के खेल को बढ़ावा देना, समर्थन करना एवं नियंत्रित करना है। **ओलंपिक चार्टर ओलंपिज़्म के मौलिक सिद्धांतों एवं अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक समिति** द्वारा अपनाए गए नियमों तथा उप-नियमों (एक संगठन या समुदाय द्वारा स्थापित नियमों या कानूनों का एक सेट ताकि खुद को विनियमित किया जा सके) **का संहिताकरण है।**
और पढ़ें... महिला विश्व मुक्केबाज़ी चैंपियनशिप

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/rapid-fire-current-affairs-27-march-2023